>

Title : Need to recover the Government money outstanding against the Industrial Units in the country.

**श्री हुक्मदेव नारायण यादव (मधुबनी):** औद्योगिक क्षेत्र की तरफ सरकार की कुल बकाया राशि 10,54,390 करोड़ रूपये हैं। इस बकाया राशि की वसूली के लिए सरकार के द्वारा और बैंकों के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गयी है। किसानों और साधारण नागरिकों पर जिस कानून के तहत कार्रवाई की जाती है उसी तरह इन औद्योगिक घरानों के विरूद्ध भी कार्रवाई की जानी चाहिए। देश के हजारों किसानों ने कर्ज के कारण आत्महत्या की है। देश के सभी नागरिकों को संविधान के अनुच्छेद के तहत, समान अधिकार प्राप्त हैं। सरकार इस पर सदन में वक्तव्य दे और उन औद्योगिक घरानों के विरूद्ध शीघ्र कार्रवाई करें तथा उन पर मुकदमा चलावें।